तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19/2/2021	पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया तथा उपलब्ध दस्तावेजो का भी अध्ययन किया गया। प्रार्थी सरकार जरिये तहसीलदार लूणी ने डीएलएमआरपी योजना के तहत अपवादित खातो के निरस्तारण हेतु पटवारी हल्का खाराबेरा पुरोहितान ने जाचॅ कर रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा कथन किया कि ग्राम धीधाणा के खसरा नम्बर 14,16,17,18,,19,91,92,92/1 व 96 कुल रकबा 97.01 बीधा मे अप्रार्थीगण रूधाराम 1/6 लालाराम वगैरा 1/8 लूणाराम 1/8 मागीलाल वगैरा व लैली देवी पत्नी पेमाराम वगैरा 1/8 वर्तमान जमाबन्दी अनुसार दर्ज है जिनका कुल हिस्सा योग नही हो रहा है। पटवारी रिपोर्ट एवं मौका फर्द दिनाक 29.11.2019 अनुसार अप्रार्थीगण रूपाराम वगैरा 724/1941 लालाराम वगैरा 364/1941 लूणाराम वगैरा 364/1941 मागीलाल वगैरा 244/1941 एवं लैली देवी वगैरा 245/1941 हिस्से पर काबिज काश्त है। उपरोक्त हिस्सा जमाबन्दी मे दर्ज किये जाने हेतु समस्त खातेदार सहमत है जिनकी सहमति मौका फर्द पर ली गयी है काबिज हिस्से अनुसार कुल हिस्सा योग। होता है इसी अनुरूप हिस्से जमाबन्दी मे दर्ज करने का निवेदन किया। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जारिये नोटिस तलब किया गया तामिल शुद्वा नोटिस प्राप्त जो कि शामिल मिसल किया गया पर्यरत समय देने के बाद भी अप्रार्थीगण की ओर से जबाव प्रस्तुत नही किया गया । अप्रार्थी को सुना गया। अतः ऐसी स्थिति मे वर्तमान मे राज्य सरकार की महत्वकांक्षी डीएलएमपी योजना के तहत प्रार्थी जरिये तहसीलदार लूणी के अपवादित खाता निस्तारण हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू0राजस्व अधिनियम के स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार लूणी को आदेश दिये जाते है के माफिक प्रस्ताव एवं मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का खाराबेरा पुरोहितान दिनॉक 29.11.2019 मे खातेदारो की सहमती व कब्जा काश्त अनुसार वर्तमान जमाबन्दी मे अप्रार्थीगण खातेदार रूपाराम का हिस्सा 724/1941 लालाराम वगैरा 364/1941 लूणाराम 364/1941 मागीलाल वगेरा 244/1941 एवं लैली देवी वगैरा 245/1941 हिस्सा दर्ज कर रेकर्ड दुरस्ती कर रिकर्ड संधारण कर पालना से अवगत करावें। तहसीलदार लूणी को तहरीर जारी हो। आदेश सुंनाया गया। पत्रावली फैशल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो।	

11/02/21

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी